# ओंटारियो की कार्रवाई योजना सुरक्षा, समर्थन, पुनर्प्राप्ति (Ontario's Action Plan: Protect, Support, Recover)

## 2020 Budget (2020 का बजट) अग्रपंक्तिकी स्वास्थ्य देखभाल को मजबूत करने, लोगों और नियोक्ताओं का समर्थन करने और ओंटारियो के पुनरुत्थान के लिए आधार बनाने के लिए अधिक संसाधन प्रदान करता है

आज, वित्त मंत्री Rod Phillips ने ओंटारियो की कार्रवाई योजना जारी की: सुरक्षा, समर्थन, पुनर्प्राप्ति-COVID-19 के गंभीर स्वास्थ्य और आर्थिक प्रभावों का जवाब देने के लिए एक व्यापक कार्य योजना का अगला चरण। लोगों की सुरक्षा जारी रखने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने, वायरस से प्रभावित व्यक्तियों, परिवारों और नौकरी के स्रजनकर्ताओं का समर्थन करने के लिए महत्वपूर्ण कार्यक्रम और कर उपाय प्रदान करने और प्रांत के लिए दीर्घकालिक आर्थिक सुधार की नींव डालने ओंटारियो की कार्रवाई योजना अब तीन वर्षों में कुल 45 बिलियन डॉलर्स का समर्थन उपलब्ध कराती है।

## सुरक्षा

कुल मिलाकर, ओंटारियो की COVID-19 स्वास्थ्य प्रतिक्रिया अब अनुमानित 15.2 बिलियन डॉलर्स है। वैश्विक महामारी के खिलाफ लड़ाई में उठनेवाली जरूरतों को प्रांत उत्तरदायी रह सके यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार 2021-22 में 4 बिलियन डॉलर्स तथा 2022-23 में और 2 बिलियन डॉलर्स उपलब्ध करा रही है। स्वास्थ, दीर्घकालीक दीखाभाल और शिक्षा के लिए प्रांत की पतझड़ तत्परता योजना (*Fall Preparedness Plan for Health, Long-Term Care and Education*) जो की COVID-19 की दूसरी लहर का जवाब देने देश की सबसे व्यापक और मजबूत योजना है उसका समर्थन करने के लिए 2020-21 के खर्च में 2.8 बिलियन डॉलर्स शामिल हैं। इसमें अस्पताल के बिस्तर प्रदान करने, बकाया सर्जरियाँ का जमावड़ा कम करने और इंफ्लुएंझा के टीके खरीदने को समर्थन देने के लिए अतिरिक्त धन भी शामिल है।

ओंटारियो के अस्पतालों में सरकार परीक्षण, मूल्यांकन केंद्र, प्रयोगशाला और चिकित्सा उपकरण और पीपीई जैसे-COVID-19 की अतिरिक्त लागत का समर्थन करने के लिए भी सरकार अतिरिक्त 572 मिलियन डॉलर्स का कर रही है।ओंटारियो के अस्पतालों में सरकार परीक्षण, मूल्यांकन केंद्र, प्रयोगशाला और चिकित्सा उपकरण और पीपीई जैसे-COVID-19 की अतिरिक्त लागत का समर्थन करने के लिए भी सरकार अतिरिक्त 572 मिलियन डॉलर्स का निवेश कर रही है। यह अस्पातालों को पिछले वर्ष जितनी राशि दी गयी थी उससे भी बढ़कर और अलगसे 2.5 बिलियन डॉलर्स की पूरी राशि ले आता है। नये और विस्तारित अस्पताल के बुनियादी ढाँचे का निर्माण करने और तत्काल उन्नयन हाथ धरने, मरम्मत और रखरखाव सहित ओंटारियो भर में अस्पतालों के आधुनिकीकरण में सहायता देने प्रांत 10 वर्षों में पूंजीगत अनुदान में 18 अरब डॉलर्स से अधिक का निवेश कर रहा है

COVID-19 की दूसरी लहर से लंबी अवधि की देखभाल में रहते हुए प्रियजनों की रक्षा करने, और सिस्टम के दीर्घकालीन मुद्दे हाथ धरने, संक्रमण निवारण तथा नियंत्रण अधिक बहेतर करने, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण (PPE) की खरीद के लिए अनुमति देने, और मजबूत स्वास्थ्य देखभाल के लिए कार्यबल बढ़ाने आवश्यक नवीकरण और उपायों को लागू करने के लिए ओंटारियो आधे बिलियन डॉलर्स से अधिक प्रदान कर रहा है। ओंटारियो का दीर्घकालीन देखभाल COVID-19 आयोग (Long-Term Care COVID-19 Commission) अभी जब अपनी समीक्षा पूरी कर रहा है, तब सरकार ओंटारियो के सबसे कमजोर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल काम कर रही है। नर्स या व्यक्तिगत सहायता कार्यकर्ता (PSW) से दीर्घकालिन देखभाल ले रहे निवासियों की औसत दैनिक प्रत्यक्ष देखभाल, दिनमें चार घंटे तक बढ़ाने की योजना प्रांत बनाता है। इस अतिरिक्त देखभाल को अगले चार वर्षों में चरणबद्ध किया जाएगा और ओंटारियो को केनेडा के प्रांतों में अग्रणी बना देगा। हजारों नए कर्मचारियों की भर्ती और प्रशिक्षण सहित, इस महत्वाकांक्षी योजना के लिए दीर्घकालिक देखभाल क्षेत्र में महत्वपूर्ण बदलावों की आवश्यकता होगी।

"वैश्विक महामारी के पहले दिन से ही, लोगों की रक्षा करना हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है।," मंत्री श्री Phillips ने कहा था। “COVID-19 के स्वास्थ्य जोखिम बेहद गंभीर हैं। दूसरी लहर और उसके बाद के समय दरमियान दीर्घकालिन स्वास्थ्यसेवा ले रहे हमारे प्रियजनों और हमारे अग्रपंक्ति के स्वास्थ्यसेवा नायकों सहित, लोगों को सुरक्षित रखने हम हर आवश्यक संसाधन उपलब्ध करा रहे हैं।"

## समर्थन

ओंटारियो की कार्रवाई योजना के एक हिस्से के रूप में लोगों और रोजगार निर्माताओं के लिए सरकार अब अंदाजीत 13.5 बिलियन डॉलर्स का सम्पूर्ण समर्थन दे रही है। यह अतिरिक्त राहत COVID-19 की दूसरी लहर और उसके बाद के समय दरमियान परिवारों, वरिष्ठों, व्यवसायों और श्रमिकों को समर्थन मिलता रहे ये सुनिश्चित करेगी।

COVID-19 सम्बंधित कुछ अतिरिक्त लागतों की आपूर्ति करने में मददरूप होने, माता-पिताओं को फिर एक बार प्रत्येक 12 साल से कम आयु के बच्चे के लिए 200 डॉलर्स तथा 21 साल और उससे कम उम्र के बच्चों और विशेष जरूरतोंवाले युवाओं के लिए 250 डॉलर्स मिलेंगे। इसका मतलब ये होता है कि तीन छोटे बच्चों, जिनमें से एक की विशेष जरूरतें हैं, ऐसे एक परिवार को 2020 में 1,300 डॉलर्स मिल सकते है।

वरिष्ठ नागरिकों सुरक्षीत रखने तथा वे ओर लंबे समय तक अपने घरों में ही रह सके इस लिए सरकार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। प्रांत 2021 के कराधान वर्ष के लिए एक नए Seniors’ Home Safety Tax Credit (वरिष्ठों की गृह सुरक्षा कर जमा राशि) का प्रस्ताव रजू कर रहा है, जो 10,000 डॉलर्स तक के योग्य नवीकरण पर 25 फीसदी जमा राशि प्रदान करेगा। उनकी आय और 2021 की आयकर की बकाया भुगतानके कर्ज को ध्यान में लिए बिना वरिष्ठों सुपात्र रहेंगे। जिनके साथ एक वरिष्ठ रहता होगा, ऐसे परिवार भी सुपात्र हो सकेंगे।

ओंटारियो सरकार इस अभूतपूर्व समय दरमियान रोजगार निर्माताओं का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध रहता है। जहां प्रांत निर्धारित करेगा की संशोधित स्टेज 2 सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रतिबंध यहाँ आवश्यक हैं वहाँ, या आगे चलते, कंट्रोल या लॉकडाउन के रूप में वर्गीकृत हुए क्षेत्रों में सरकार सुपात्र व्यवसायों के लिए 300 मिलियन डॉलर्स की राहत उपलब्ध करा रही है। संपत्ति कर और ऊर्जा बिलों जैसी निश्चित लागत की आपूर्ति करने में यह मदद करेगी। उभरती जरूरतों के प्रति संवेदनशील रहने और ओंटारियो के लोगों के लिए समर्थन प्रदान करते रहने के लिए अगले दो वर्ष दरमियान Support for People and Jobs Fund (लोगों और रोजगारों की मदद के लिए राशि)में सरकार अतिरिक्त 1.8 बिलियन डॉलर्स की सहायता भी प्रदान कर रही है।

“COVID-19 विश्वव्यापी मन्दी लाया है और ओंटारियो भी उससे अछूता नहीं रह पाया," मंत्री श्री Phillips ने कहा। “एक ऐसा व्यक्ति जिसने अपनी नौकरी खो दी है उसका, एक चिंतित छोटे व्यवसाय के मालिक का या दोनों छौर एकट्ठे करने के लिए संघर्ष कर रहे एक परिवार का हरनकारात्मक आर्थिक आँकड़ा प्रतिनिधित्व करता है। माता-पिताओं, वरिष्ठों और छोटे व्यवसाय के मालिकों सहित, जो सबसे अधिक असरग्रस्त हुएँ हैं उनको, पहेले जो ही जो प्रदान किया गया है उसे अधिक मजबूत करने के लिए हम आज नयी सहाय दे रहें हैं।

# पुनर्प्राप्ति

जब की COVID-19 पूर्वाभासी भविष्य में ओंटारियो और पूरी दुनिया को प्रभावित करेगा, तब *2020 Budget* विकास के बल पर आर्थिक पुनरुत्थान की नींव डालना शुरू करता है। जो भी मजबूत पुनरुत्थान से ओंटारियो को COVID-19 की वजह से ओंटारियो को पीछे रख सकती है उन बाधाओं को दूर करते हुए, इसमें पहल करने के लिए सरकार 4.8 बिलियन डॉलर्स का निवेश करने की योजना बना रही है जो अब नौकरियों का समर्थन करेगी। सरकार द्वारा प्रस्तावित प्रमुख पहल में नौकरियाँ नष्ट करती हुई बिजली की कीमतों में कमी, नौकरियों पर लग रहे करों में घटौती, ऐतिहासिक निवेश के जरिये ब्रॉडबैंड इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ सेवाविहीन और अपर्याप्त सेवाओंवाले समुदायों का मिलाप, और श्रमिकों - जिनमे महामारी से प्रभावित लोगों जैसे के पर्यटन और आतिथ्य श्रमिकों समाविष्ट हैं -उन्हें जिसमे उच्च-मांगवाले कौशल की आवश्यकता होती हो ऐसी नौकरियों से जोड़ने में मदद करने के लिए कौशल प्रशिक्षण प्रदान करना इत्यादि है।

रोजगार निर्माताओं के लिए करों को कम करने और समान स्तर का क्षेत्र देने ऊंचे प्रांतीय कर दरों को 200,000 से अधिक संपत्तिओं - याने प्रांत की सभी व्यावसायिक संपत्तिओं के 94 प्रतिशत के लिए 0.88 की दर पर घटा कर सरकार तात्कालिक कार्यवाही भी कर रही है यह 2021 में वार्षिक बचत 450 मिलियन डॉलर्स हो सकती है, जो कई नियोक्ताओं के लिए 30 फीसदी की कमी दिखाती है।

COVID-19 से सर्वाधिक प्रभावित नियोक्ताओं के लिए अतिरिक्त सहायता उपलब्ध कराने के लिए ओंटारियो प्रांत एक कदम आगे आ रहा है। सरकार ने कुछ नगर पालिकाओं से सुना है कि वे अपने समुदाय में रोजगार निर्माताओं को अधिक लक्षित कर राहत प्रदान करने के लिए उन्हें अतिरिक्त उपकरण चाहेंगे। नगरपालिकाओं को छोटे व्यवसायों के लिए संपत्ति कर में कटौती करने की क्षमता प्रदान करने का और इन कटौती के बराबर हिस्सा पर सोचने की प्रांतीय प्रतिबद्धता का प्रस्ताव करके ओंटारियो प्रांत स्थानीय सरकारों के अनुरोधों का प्रतिसाद दे रहा है। यह नगरमहापालिकाओं के अभिग्रहण के आधार पर, 2022–23 तक छोटे व्यवसायों को ज्यादा से ज्यादा 385 मिलियन डॉलर्स की कुल रहत नगरपालिका और प्रांतीय संपत्ति करो में राहत प्रदान करेगा

Employer Health Tax (EHT - नियोक्ता स्वास्थ्य कर) मुक्ति 490,000 डॉलर्स से बढ़ाकर 1 मिलियन डॉलर्स करने का प्रस्ताव करके प्रांत अतिरिक्त 30,000 नियोक्ताओं के लिए नौकरियों पर कर को भी समाप्त कर रहा है। इससे 2021-22 में निजी क्षेत्र के नियोक्ताओं को 360 मिलियन डॉलर्स की बचत होगी जो नौकरियों और विकास में पुनर्निवेश किया जा सकेगा। इस अतिरिक्त राहत से लगभग 90 प्रतिशत नियोक्ता कुछ भीEHT का भुगतान नहीं करेंगे।

जब नियोक्ता ओंटारियो को व्यवसाय करने की जगह के रूप में देख रहे हैं, तो यह स्पष्ट है कि प्रांत की उच्च वाणिज्यिक और औद्योगिक बिजली की कीमतें निवेश के लिए बाधारूप हैं, जिस के कारण उनमें से कुछ अन्य जगहों पर चले जातें हैं। नॉन-हाइड्रो रिन्युएबल एनर्जी उत्पादकों के साथ ओंटारियो के उच्च लागत वाले अनुबंधोंवाले नियोक्ताओं पर बोझ कम करने के लिए *2020 Budget* एक योजना की रूपरेखा दे रहा है जिसे एक बार और सभी के लिए समेट ली जाएगी। 1 जनवरी 2021 से शुरू करके, इन अनुबंधों की लागत का एक हिस्सा, जो पिछली सरकार के तहत दर्ज किया गया था, उसके लिए प्रांत वित्त पोषित करेगा, ना की दर भूकतान करनेवाले। बिजली की लागत में मिलनेवाली ये राहत पैसे मुक्त करेगी जो रोजगार सृजन-खर्च के लिए सदुपयोग किया जा सकेगा। मध्यम और उससे बड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक इकाई वाले नियोक्ताओं 2021 में शुरू होते अपने बिलों पर, औसतन, क्रमशः 14 और 16 फीसदी बचत कर पाएंगे। इसका मतलब यह है कि ओंटारियो बिजली की कई कम स्पर्धात्मक कीमतों की ओर से ऐसी कीमतों की ओर जाएगा जो यूनाइटेड स्टेट्स की औसत से भी अधिक स्पर्धात्मक होंगी।

"ओंटारियो में हम सभी COVID-19 से बच निकलने पर केंद्रित हैं।" मंत्री श्री Phillips ने कहा था। “वैश्विक महामारी से अभी तो निपट रहे होते हैं तब भविष्य के बारे में सोचना मुश्किल हो सकता है, लेकिन अगर हम सभी अपना हिस्सा दें, तो अंततः COVID-19 हमारे पीछे रह जाएगा। रोजगार सृजन के लिए आवश्यक बाधाओं को दूर करने की हमारी सरकार की एक जिम्मेदारी है। जब शेष दुनिया पुनरुत्थान कर रही हो तब यदि ओंटारियो पीछे रह जाये तो इसकी भूकतान की लागत बहुत ऊंची है। इंतजार करना हम बर्दाश्त नहीं कर सकते।”

नवीनतम आर्थिक प्रक्षेपों पर आधारित लचीली मध्यम अवधि की राजकोषीय योजना को रेखांकित करके, 2020 Budget अनिश्चितता की दुनिया के बीच पारदर्शिता दे रही है यह आर्थिक पुनरुत्थान की गति के आधार पर प्रांत का राजकोषीय दृष्टिकोण कैसे बदल सकता है उसका निदर्शन करके वैकल्पिक परिदृश्य भी प्रस्तुत करता है सरकार 2020–21 के लिए 38.5 बिलियन डॉलर्स के घाटे का अनुमान लगा रही है, जो *2020–21 First Quarter Finances* (*2020–21* की पहली तिमाही के प्रावधानों) दरमियान हुए पूर्वानुमान से अपरिवर्तित है और COVID-19 के खिलाफ लड़ाई के लिए आवश्यक तत्काल खर्च को प्रतिबिम्बित करता है। मध्यम अवधि में, सरकार 2021–22 में 33.1 बिलियन डॉलर्स और 2022–23 में 28.2 बिलियन डॉलर्स के लगातार गिरते हुए घाटे का अनुमान लगा रही है। वैश्विक महामारी की निरंतर अनिश्चितता को स्वीकार करते हुए, सरकार 2021 Budget (2021 का बजट) 31 मार्च, 2021 तक संतुलित करने राह समेत बहु-वर्षीय योजना रजू करने की योजना करती है।

## *ओंटारियो की कार्रवाई योजना की विशिष्टताएं: **सुरक्षा, समर्थन, पुनर्प्राप्ति:***

सुरक्षा-COVID-19 के सामने सरकार की तत्काल प्रतिक्रिया के लिए, 7.5 बिलियन डॉलर्स की नयी राशि सहित, 15.2 बिलियन डॉलर्स नई निधि निम्नलिखित विशेषताएं रखती हैं:

- चार साल की अवधि में नर्स या पर्सनल सपोर्ट वर्कर (PSW) से दीर्घकालीन औसत सीधी दैनिक देखभाल ले रहे हरेक निवासी के लिए दिन में चार घंटे की बढ़ोतरी करके, अपने वरिष्ठों की सुरक्षा करने में ओंटारियो को केनेडियन प्रान्तों में अग्रणी बनाता है।

- लोगों के स्वस्थ्य की रक्षा करने की समर्पित सहायता देने में और COVID-19 महामारी के खिलाफ लड़ाई का समर्थन करने के लिए 2021-22 में 4 बिलियन डॉलर्स और 2022-23 में अतिरिक्त 2 बिलियन डॉलर्स उपलब्ध करती है।

- नये आपातकालीन कक्ष, अत्याधुनिक नैदानिक इमेजिंग और ऑपरेटिंग कमरे के साथ नयी Cortellucci Vaughan Hospital स्थल खोलता है। 30 सालों ओंटारियो में नवनिर्मित अस्पताल खुलने में यह प्रथम है जो आरोग्यव्यवस्था में बिलकुल नई क्षमता जोड़ता है।

**समर्थन**-जिसमें लोगों और नौकरियों को अतिरिक्त समर्थन में 2.4 बिलियन डॉलर्स शामिल है ऐसे, 13.5 बिलियन डॉलर्स का। नई निधि निम्नलिखित विशेषताएं रखती हैं:

- पढ़नेवालों के लिए मदद की पहल (Support for Learners initiative) द्वारा, मार्च में 378 मिलियन डॉलर्स की राशि के अनुलक्ष्य से 12 साल तक के हरेक बच्चे का 200 डॉलर और 21 साल तक के बच्चों तथा विशेष आवश्यकतावाले युवाओं का 250 डॉलर्स की, भूकतान के इस दूसरे दौर से माता-पिताओं को 380 मिलियन डॉलर्स प्रदान करता है COVID-19 की वजह से होनेवाली अतिरिक्त लागतों, जैसे की जैसे कि ऑनलाइन सीखने के लिए प्रौद्योगिकी में यह मदद करेगा। इसका मतलब ये होता है कि तीन छोटे बच्चों, जिनमें से एक की विशेष आवश्यकता है, ऐसा एक परिवार शैक्षिक आपूर्ति और प्रौद्योगिकी से संबंधित लागतों मे मदद पाने के लिए 2020 में 1,300 डॉलर्स प्राप्त करेगा।

- वरिष्ठों के घरों को अधिक सुरक्षित और अधिक सुलभ बनाकर अपने ही घरों में लंबे समय रहने में मदद करने के लिए-10,000 डॉलर्स तक के योग्य नवीकरण पर 25 प्रतिशत जमा राशि देने-2021 के कराधान वर्ष के लिए Seniors' Home Safety Tax Credit का प्रस्ताव रखता है। उनके आय और 2021 की बकाया परवाह किए बिना आयकर का भुगतान का कर्ज़ ध्यान में लिए बिना वरिष्ठों सुपात्र रहेंगे। उनके साथ रहते हुए और उनकी देखभाल करनेवाले परिवार के सदस्यों भी सुपात्रता रखते हैं।
- अश्वेत युवाओं के एक्शन प्लान (Black Youth Action Plan) में, 2020-21 में शुरू होने वाले तीन वर्षों में उसके आधाररूप निधि को दोगुना करता हुआ अतिरिक्त 60 मिलियन डॉलर्स का निवेश करता है जो अश्वेत युवाओं को सामाजिक और आर्थिक सफलता प्राप्त करने में सहायता करेगा।
- महामारी के कारण महत्वपूर्ण वित्तीय तनावों का सामना कर रहे सामुदायिक पर्यटन, सांस्कृतिक और खेल संगठनों का समर्थन करने के लिए Community Building Fund (समुदाय निर्माण निधि) में दो वर्षों में 100 मिलियन डॉलर्स का निवेश करता है।
- COVID-19 के परिणामस्वरूप होनेवाली परिचालन हानि की आपूर्ति करने में मदद करने के लिए ओंटारियो के कला संस्थानों के लिए 25 मिलियन डॉलर्स का एक बार का आपातकालीन निधि प्रदान करता है।
- उभरती हुई जरूरतों के लिए उत्तरदायी बने रहने और ओंटारियो के लोगों और नौकरियों को सहायता देना जारी रखने रखने अगले दो वर्ष, 2021–22 और 2022–23, दरमियान Support for People and Jobs Fund में अतिरिक्त 1.8 बिलियन डॉलर्स का प्रावधान करता है।

**पुनर्प्राप्ति** -आर्थिक विकास के ईंधन द्वारा मजबूत पुनर्प्राप्ति के लिए नींव बनाने 4.8 बिलियन डॉलर्स की नयी सहाय। निम्नलिखित विशेषताएं रखता है:

- समग्र प्रांत के समुदाय जुड़े रहे ये सुनिश्चित करने के लिए ब्रॉडबैंड इन्फ्रास्ट्रक्चर में अगले चार वर्षों में 680 मिलियन डॉलर्स से अधिक का अतिरिक्त निवेश करता है जो, अपनी पूर्व प्रतिबद्धताओं के साथ मिलकर, ओंटारियो के निवेश को एक ऐतिहासिक लगभग 1 बिलियन डॉलर्स तक बढ़ाता है।
- नौकरीयां नष्ट करनेवाले बिजली की उच्च-लागत सुधारने की सर्वग्राही योजना द्वारा मध्यम और उससे बड़े औद्योगिक और वाणिज्यिक नियोक्ताओं को उनके बिजली बिलों पर (तीन वर्षों में 1.3 बिलियन डॉलर्स के अतिरिक्त खर्च से), औसतन, क्रमशः 14 और 16 फीसदी की बचत करवा के, ओंटारियो में और अधिक नौकरियां ले आता है।
- 200,000 से अधिक नियोक्ताओं, यानि ओंटारियो की सभी व्यावसायिक संपत्तियों के 94 प्रतिशत के लिए, Business Education Tax (BET - व्यावसायिक शिक्षा कर) के दरों, 0.88 प्रतिशत पर नीचे ला कर रोजगार निर्माताओं पर संपत्ति कर को कम करता है और उनके क्षेत्र को समान स्तर पर लाता है। यह तत्काल वार्षिक बचत में 450 मिलियन डॉलर्स का निर्माण करता है और कई व्यवसायों जो वर्तमान में प्रांत में उच्चतम BET दर के अधीन है उनके लिए 30 फीसदी की घटौती का प्रतिनिधित्व करता है।

- नगरपालिकाओं को छोटे व्यवसायों के लिए संपत्ति कर में कटौती करने की क्षमता प्रदान करने का और इन कटौती के बराबर हिस्से के लिए सोचने की प्रांतीय प्रतिबद्धता का प्रस्ताव रख कर स्थानीय सरकारों के अनुरोधों को प्रतिसाद देती है। नगरपालिका के अंगीकरण लेने के आधार पर, यह 2022 तक छोटे व्यवसायों को ज्यादा से ज्यादा 385 मिलियन डॉलर्स कुल नगरपालिका और प्रांतीय संपत्ति कर राहत प्रदान करेगा।
- Employer Health Tax (EHT) मुक्ति 490,000 डॉलर्स से बढ़ाकर 1 मिलियन डॉलर्स कायमी करने का प्रस्ताव करके अतिरिक्त 30,000 नियोक्ताओं के लिए नौकरियों पर कर समाप्त कर रहा है। इस अतिरिक्त राहत से लगभग 90 प्रतिशत नियोक्ताओं कुछ भी EHT की भूकतान नहीं करेगा, इस लिए उन्हें वर्ष 2021–22 में 360 मिलियन डॉलर्स की बचत करवाएगा जो नौकरियों और विकास में पुनर्निवेश कर सकेंगे
- 2021, Ontario staycation (ऑंटारियो स्टेकेशन वर्ष, 2021) में ऑंटारियो का सुरक्षित रूप से अन्वेषन करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए सुपात्र ऑंटारियो पर्यटन खर्च में ऑंटारियो के निवासियों को 20 प्रतिशत तक सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- 3 साल में 180.5 मिलियन डॉलर्स के कुशलतायुक्त रोजगार व्यूहरचना का समावेश करते हुए निवेश से, कुशलता तालिम के लिए Employment Ontario द्वारा फिर से बनाया हुआ दूसरी कारकीर्दगी का कार्यक्रम (Second Career program) के लिए अतिरिक्त 100 मिलियन डॉलर्स के समर्पित निवेशों से, और अधिक-मांग वाली कुशलता प्राप्त करने 59.5 मिलियन डॉलर्स के निवेश से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र में काम कर रहे कर्मचरियों और अन्य लोग जो महामारी से अधिकतम पीड़ित हैं उनका तालिम और नौकरियों के साथ मिलाप करवा देता है।
- Ontario Onwards Acceleration Fund (ऑंटारियो आगेकुच वेगवृद्धि निधि ) द्वारा सरकारी सेवायेँ अधिक विश्वसनीय, सुविधाजनक और सुलभ बनाने के लिए चार वर्षों में 500 मिलियन डॉलर्स प्रदान करता है।

## त्वरित तथ्यों

- जून महीने से, ओंटारियो में रोजगार 838,000 कुल नौकरियों तक बढ़ें हैं और, सितंबर में, रोजगार फरवरी 2020 के स्तर के 95.8 प्रतिशत तक पहुंचे थे।
- ओंटारियो का वास्तविक जीडीपी 2020 में 6.5 फीसदी तक नीचे जाएगा और 2021 में 4.9 फीसदी तक ऊपर उठने का अनुमान है। 2023 में 2.0 फीसदी की वृद्धि पर मध्यस्थ करने से पहले 2022 में वास्तविक जीडीपी में 3.5 फीसदी की बढ़ोतरी होने की संभवना के साथ, ओंटारियो की आर्थिक वृद्धि 2021 के बाद जारी रहने की उम्मीद है।
- *Fiscal Sustainability, Transparency and Accountability Act, 2019 (FSTAA)* के तहत यदि बहुवर्षीय राजकोषीय योजना के अंतिम वर्ष में संतुलित बजट की संभावना न हो ऐसे संयोगों मे सरकार को पुनरुत्थान योजना प्रकाशित करना जरूरी है। यह कायदा लचीलेपन की आवश्यकता को भी पहचानता है और बदलती हुई परिस्थितियों के अनुसार प्रतिसाद देने की क्षमता प्रदान करता है। COVID-19 महामारी और इससे जुड़े हुए निरंतर और अभूतपूर्व अनिश्चितता और जोखिमों को देखते हुए, *2020 Budget* पुनरुत्थान योजना शामिल करने की आवश्यकता को स्थगित करने के लिए सरकार FSTAA में संशोधन का प्रस्ताव कर रही है।
- ओंटारियो प्रांत एक वित्तीय दृष्टिकोण जारी करने में केनेडा के अंदर में पहला अधिकारक्षेत्र था जिसने 25 मार्च, 2020 के ओंटारियो की कार्य योजना में COVID-19 संकट के प्रभावों को प्रतिबिंबित किया था: *COVID-19 के लिए कदम उठाना*.

## अतिरिक्त संसाधनों

*ओंटारियोकी कार्रवाई योजना: सुरक्षा, समर्थन, पुनर्प्राप्ति*

संदर्भ सामग्री सुरक्षा-तत्काल COVID-19 प्रतिक्रिया

संदर्भ सामग्रीBACKGROUNDER समर्थन - लोगों और नौकरी का समर्थन

संदर्भ सामग्री पुनर्प्राप्ति-विकास के लिए शर्तों का निर्माण

संदर्भ सामग्री ओंटारियो के वित्त के जिम्मेदारजिम्मेदारीपूर्वक और पारदर्शीरूप से प्रबंध

संदर्भ सामग्री ओंटारियो की कार्रवाई योजना की विशेषताएँ:सुरक्षा, समर्थन, पुनर्प्राप्ति

ओंटारियो के आर्थिक हिसाब-दूसरी तिमाही

*ओंटारियो की कार्रवाई योजना: COVID-19 के लिए कदम उठाना*